# सदर बाजार में 591 किलो पटाखे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में पटाखे बेचना और जलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। बावजूद इसके चोरी-छुपे पटाखे स्टोर किये जा रहे हैं। ताकि दिवाली पर ऊंची कीमत पर बेचा जा सके। पुलिस भी इसको लेकर अलर्ट है और जहां भी जानकारी मिल रही है वहां पर छापा मारकर पटाखे जब्त किये जा रहे हैं। ताजा मामला सदर बाजार का है। जहां 591 किलो पटाखे जब्त किये गये हैं। इस मामले में दो लोगों गिरफ्तार भी किया गया है। डीसीपी नॉर्थ सागर सिंह कलसी के अनुसार पकड़े गए शख्स का नाम फैज और बिल्लू है। दोनों हापुड़ और मेरठ के रहने वाले हैं। फैज गाड़ी का ड्राइवर है, जबकि बिल्लू हेल्पर है। यह पटाखे की खेप हापुड़ से लाई गई थी। इसे यहां स्टोर करके चोरी छिपे रिटेलर को सप्लाई किया जाना था। एसीपी प्रज्ञा आनंद की देखरेख में एसएसओ के. एल. यादव, कॉन्स्टेबल मनीष और गिरिराज की पेट्रोलिंग टीम जब देर रात पेट्रोलिंग कर रही थी, तो सुबह-सुबह उनकी नजर कुतुब रोड पर एक यूपी नंबर की बोलेरो जीप पर पड़ी। शक होने पर पुलिस टीम ने जब ड्राइवर से पूछा तो उसने बताया कि घरेलू सामान है। लेकिन पुलिस कर्मियों का शक खत्म नहीं हुआ तो उन्होंने गाड़ी की चेकिंग की जिसमें पटाखे होने का पता चला।

- दीपावली से पहले पुलिस की एक और बड़ी बरामदगी



- इससे पहले भी जब्त की जा चुकी है कई खेप

### यूपी से दिल्ली पहुंची थी खेप

गाड़ी पर मौजूद दोनों लोगों को पुलिस ने तुरंत हिरासत में ले लिया। छानबीन की तो गाड़ी से 591 किलो पटाखे बरामद हुये। दोनों लोगों के खिलाफ सदर बाजार थाने में एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने पटाखे के साथ-साथ गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। पुलिस टीम दोनों से पूछताछ कर मामले में आगे धरपकड़ की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले सदर बाजार इलाके से 900 किलो से ज्यादा पटाखे जब्त किये जा चुके हैं। दो लोगों को पकड़ा भी गया था।

# बाहरी जिले में पकड़े गए 143 बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

त्यौहारी सीजन को लेकर दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड में है। मार्केट में भीड़भाड़ को कंट्रोल करने के साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी नजर बनाये हुई है। सीनियर अफसरों के नेतृत्व में पेट्रोलिंग मार्च करते भी पुलिसकर्मी देखे जा रहे हैं। इसी कड़ी में बाहरी जिले की पुलिस ने ऑपरेशन सतर्क की शुरुआत की हुई है। जिसके चलते अब तक 143 बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इसके साथ ही 97 संदिग्ध लोगों के खिलाफ भी लीगल एक्शन किया गया है। डीसीपी परमिंदर सिंह के अनुसार इस अभियान के तहत पब्लिक एरिया में बेड एलिमेंट के खिलाफ धरपकड़ की जाती है। बसों में लगातार चेकिंग की जा रही है। पार्को में औचक पेट्रोलिंग कर देखा जा रहा है कि कोई बेड एलिमेंट तो वहां नहीं घूम रहा है। मार्केट एरिया पर नजर रखने के लिए फूट पेट्रोलिंग की जा रही है। इसके साथ-साथ गैंबलिंग और शराब तस्करी को लेकर भी थानों को अलर्ट किया गया है। सूचना मिलते ही तुरंत एक्शन लेकर क्रिमिनल को सलाखों के पीछे भेजा रहा है।

- ऑपरेशन सतर्क के चलते पुलिस है मुस्तैद
- 97 संदिग्ध लोगों के खिलाफ भी हुआ लीगल एक्शन



- बसों, पार्कों में भी पुलिस की चेकिंग बढ़ाई गई

### संदिग्ध बाइक सवारों पर भी रखी जा रही है नजर

संदिग्ध बाइक सवारों पर भी नजर रखी जा रही है। पकड़े गये बदमाशों में चार झपटमारी में शामिल थे। पार्क में गैंबलिंग के मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई है और छह लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान को लेकर जिला के एडिशनल डीसीपी एसीपी लगातार सुपर विजन कर रहे हैं और पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के लिये मोटिवेट भी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में भाजपा विधायक बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक ओपी शर्मा और कांग्रेस के पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह को फरवरी 2016 में पटियाला हाउस कोर्ट परिसर के बाहर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के पूर्व नेता अमीक जामई के साथ कथित तौर पर मारपीट के मामले में बरी कर दिया है। यह कथित घटना पटियाला हाउस अदालत परिसर के बाहर तब हुई थी, जब जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ के तत्कालीन अध्यक्ष कन्हैया कुमार को राजद्रोह के एक मामले में अदालत में पेश किया जाना था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) रवींद्र कुमार पांडे ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा है कि आरोपी भीड़ के साथ मौजूद थे, जिसने कथित तौर पर जामई को पीटा था। कोर्ट ने कहा कि यह भी साबित नहीं हुआ कि शर्मा ने जामई को किसी तरह की कोई चोट पहुंचाई थी या उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी।

### शराबी शख्स पर पत्नी व सास ने किया हमला

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क इलाके में एक शराबी को पत्नी ने चाकू और सास ने तवे से हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घायल शख्स का नाम रिंकू गुप्ता (41) है। पीड़ित ने बाद में सूचना पुलिस को दी। रिंकू को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके सिर व हाथ में गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू और तवा बरामद कर पत्नी व सास से पूछताछ शुरू कर दी है। बुधवार को ही मानसरोवर पार्क थाना पुलिस ने रिंकू की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रिंकू अपने परिवार के साथ राम नगर में रहता है।

## घर के चार नौकरों ने दिया वारदात को अंजाम

# कारोबारी के परिवार को नशीला पदार्थ देकर उड़ाया करोड़ों का माल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंजाबी बाग इलाके में चार नौकरों द्वारा कारोबारी के परिवार को नशीला पदार्थ देकर करीब तीन करोड़ का माल उड़ाने का मामला सामने आया है। आरोपी घर में खड़ी एक फॉरच्यूनर गाड़ी भी अपने साथ ले गए। घटना का पता तब चला जब कारोबारी घर पहुंचे और उन्होंने बुजुर्ग माता-पिता को बेहोशी की हालत में पाया। सर्वेंट रूम में दो नौकर भी बेहोश थे। पुलिस को खबर देने के बाद सभी को नजदीकी महाराजा अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों नौकर राज व प्रदीप को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। जबकि बुजुर्ग माता-पिता का इलाज जारी है। मौके पर पहुंची पुलिस को कारोबारी अदीब सिंह बिंदरा (34) ने बताया है कि चारों ही नौकर-नौकरानी नेपाल के रहने वाले हैं। वह घर से करीब 70 लाख कैश, करोड़ों के हीरे-सोने के जेवरात व अन्य कीमती सामान ले गए हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उत्तराखंड पुलिस की मदद से दिल्ली पुलिस की टीम ने दो आरोपियों को दबोच लिया है। फिलहाल उनको दिल्ली लाया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित अदीब सिंह बिंदरा परिवार के साथ वेस्ट पंजाबी बाग में रहते हैं। इनका बिंदरा टूर एंड ट्रैवल के नाम से ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। पिछले करीब छह साल से इनके यहां नेपाल का रहने वाला करण शार्की (30) हेड कुक की नौकरी कर रहा था। वहीं राजू (19) सफाई व दूसरे काम करता था। प्रीति (20) और दीपा (20) घर में छोटे-मोटे काम करती थी। इसके अलावा घर में राज व प्रदीप भी काम करते हैं। सभी नेपाल के रहने वाले हैं। ग्राउंड फ्लोर पर सर्वेंट क्वार्टर हैं। 23 अक्तूबर की रात को अदीब अपने परिवार के साथ किसी कार्यक्रम में गए थे। वहां से तड़के करीब 4.30 बजे घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अप्पर ग्राउंड फ्लोर के किचन की लाइट जल रही थी। अदीब पहली मंजिल के ड्रेसिंग रूम में गए तो वहां अल्मारियों के ताले टूटे हुए थे। घर का सामान भी बिखरा था। फर्श पर अदीब की मां अमिंदरजीत कौर व बेड पर दलजीत सिंह बेहोश पड़े थे। अदीब ने मामले की सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।



- कारोबारी के माता-पिता और दो नौकर मिले बेहोश

### घर में खड़ी फॉरच्यूनर गाड़ी भी ले उड़े

अदीब ने घर का सामान चेक किया तो वहां अल्मारियों में रखे करीब 70 लाख कैश, सोने-हीरे के जेवरात, कीमती घड़ियां व अन्य सामान गायब था। अदीब का कहना था कि अभी मोटा-मोटा करीब तीन करोड़ के सामान का पता लगा है। नीचे सर्वेंट क्वार्टर में राज व प्रदीप भी लगभग बेहोशी की हालत में मिले। सभी को अस्पताल भिजवाया गया। घर से एक फॉरच्यूनर गाड़ी भी गायब मिली। जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने परिजनों को खाने में कुछ नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया।

# डीयू के रिटायर्ड प्रोफेसर दंपति ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मौके से मिले दो सुसाइड नोट
- फ्रेक्चर के बाद बिस्तर पर पड़े-पड़े तंग होने को बताया मौत की वजह

दक्षिणी पूर्वी जिले के गोविंदपुरी थाना अंतर्गत डीयू के दो पूर्व प्रोफेसर दंपति द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस को मामले की सूचना बुधवार शाम करीब पौने चार बजे मिली। पीसीआर तुरंत कालकाजी एक्सटेंशन मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये अस्पताल भिजवाया। मृतकों के नाम राकेश कुमार जैन (74) और उषा (69) बताये गये हैं। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस के अनुसार जब वह घटनास्थल पर पहुंची तो जीके पार्ट 1 में रहने वाली कॉलर अंकिता (47) से मुलाकात हुई। उसने बताया कि पिता राकेश कुमार जैन पुत्र लेफ्टिनेंट श्री. रंजीत कुमार और माता उषा राकेश कुमार जैन पॉकेट-9, कालकाजी एक्सटेंशन, गोविंदपुरी, नई दिल्ली में रह रहे थे। नियमित रूप से उसके माता-पिता की देखभाल करने वाला अजीत निवासी बाल्मीकि मोहल्ला रोड, तुगलकाबाद दोपहर लगभग ढाई बजे उनके घर आया। उसने कई बार घंटी बजाई लेकिन अंदर से किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। फिर उसने फोन के जरिए अंकिता को सूचना दी। वह मौके पर आई। इसके बाद उसने और केयर टेकर अजीत ने ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हुई। घर में घुसने पर अंकिता ने देखा कि उसके माता-पिता स्टील के पाइप से लटके हुए थे। क्राइम टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। टेबल पर दो अलग-अलग सुसाइड नोट मिले है। उनमें आत्महत्या का कारण भी बताया गया है। दंपति ने अपने इस कदम के पीछे दुर्घटना के बाद कई फ्रेक्चर और बिस्तर पर पड़े पड़े जीवन से तंग आना कारण बताया है। मृत व्यक्तियों के शवों को एम्स में पोस्टमार्टम के बाद परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया है। फिलहाल जांच में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।



# आग में घायल दमकलकर्मी ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नरेला इलाके में 9 अक्टूबर कि सुबह एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग को बुझाने के दौरान चार फायरकर्मी घायल हो गए थे। उन्हें गंगा राम अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। गंभीर रूप से घायल दमकलकर्मी प्रवीण को बाद में एलएनजेपी अस्पताल में रेफर किया गया था। लेकिन बुधवार सुबह वह जिंदगी की जंग हार गये। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि प्रवीण फैक्ट्री में लगी भीषण आग बुझाने के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका उसी समय से इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनकी मौत एलएनजेपी में हो गई। आग बुझाने के दौरान बिल्डिंग के अंदर ब्लास्ट होने से बड़ा हिस्सा गिर गया था। आग बुझाने में उस दिन 33 से ज्यादा गाड़ियां इस्तेमाल की गई थी।

### दिल्ली सरकार देगी एक करोड़



नई दिल्ली। दिल्ली के गृह मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को शहीद फायरकर्मी प्रवीण कुमार के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली सरकार की ओर से शहीद जवान के परिवार को तत्काल रूप से एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने का फैसला लिया।

# ठेकेदार ने राज-मिस्त्री को कुदाल से वारकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद

आउटर-नॉर्थ दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक ठेकेदार ने राज-मिस्त्री की कुदाल से वारकर हत्या कर दी। मृतक का नाम फूल मोहम्मद (35) बताया गया है। दरअसल फूल मोहम्मद ने अपने ठेकेदार से खाना बनाने के लिए कहा था। इसी बात पर उसका आरोपी प्रताप सिंह (38) से झगड़ा हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि वारदात के समय मृतक और आरोपी दोनों ही शराब के नशे में थे।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से बख्तावरपुर, दिल्ली का रहने वाला फूल मोहम्मद किराए के मकान में शिव मंदिर के पास रहता था। फूल मोहम्मद को पांच साल पहले पत्नी छोड़कर बुराड़ी आ गई थी। उसने किसी अन्य युवक से शादी कर ली थी। अब मकान में इसके साथ मूलरूप से इटावा, यूपी का रहने वाला प्रताप रहता था। प्रताप मकान बनाने के ठेके लेता है। जबकि फूल मोहम्मद उसकी ही साइट पर राज-मिस्त्री का काम करता था। रोजाना फूल मोहम्मद ही खाना बनाता था। मंगलवार शाम को दोनों ने पहले शराब पी। इसके बाद नशे की हालत में फूल मोहम्मद प्रताप से सामान लाकर खाना बनाने के लिए कहने लगा। दोनों के बीच बहस हुई तो फूल मोहम्मद ने प्रताप को दो तीन थप्पड़ मार दिए।

इस बात से आग बबूला हुए प्रताप ने घर में खुदाई करने वाले कुदाल से उसके सिर पर तीन-चार वारकर कर दिये। वारदात के बाद आरोपी कमरे से चला गया। मकान मालिक ने कमरे में खून से लथपथ फूल मोहम्मद को देखा तो देर रात करीब 11.00 बजे मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शक के आधार पर प्रताप की तलाश की और उसे थाने ले जाकर पूछताछ की।

# बाईक से टक्कर मारकर मोबाइल लुटेरे को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद

दक्षिण पूर्वी जिले की हजरत निजामुद्दीन पुलिस ने एक शातिर झपटमार को गिरफ्तार किया है। इसका नाम इमरान बताया गया है। आरोपी के पास से एक मोबाइल और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने झपटमारी के दो मामले सुलझाने का दावा किया है। इस बदमाश की बाइक में पुलिसकर्मी ने अपनी बाइक से टक्कर मारकर पकड़ा। कांस्टेबल अमित इलाके में पेट्रोलिंग पर था। जब वह बारापुल्ला फ्लाईओवर के नीचे पहुंचा, तो देखा कि एक आदमी चोर-चोर चिल्ला रहा है। उसने बिना देर किए अपनी बाइक से पीछाकर भाग रहे बदमाश की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी।

जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और पुलिसकर्मी ने पीछे बैठे शख्स को पकड़ लिया। हालांकि मोटरसाइकिल चला रहा शख्स भाग गया। इसी दौरान शोर मचाने वाला युवक भी मौके पर पहुंच गया। उसने बताया कि वह बाजार से जरूरी सामान लेकर अपने घर जा रहा था। बाइक सवार दो युवक आए और उससे मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इमरान बताया। वह जाकिर नगर, ओखला का रहने वाला है।

## महाराष्ट्र, यूपी, दिल्ली और हरियाणा के कई लोगों को लगा चुके हैं चूना

# मुंबई के डॉक्टर से किडनी उपलब्ध करवाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी करने वाले दो पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुंबई के डॉक्टर को किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर 10 लाख का चूना लगाने वाले दो ठगों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि आरोपी महाराष्ट्र, यूपी, दिल्ली और हरियाणा में इसी प्रकार की कई ठगी को अंजाम दे चुके हैं। इनके नाम अलीगढ़ निवासी विपिन कुमार और प्रतापगढ़ निवासी रोहित कुमार है।

ज्वाइंट सीपी आलोक कुमार के अनुसार डॉक्टर राजीव चंद्रा मुंबई के सर्जन है। वह किडनी की बीमारी से ग्रस्त है। डॉक्टरों ने उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी है। कोई करीबी रिश्तेदार न होने के कारण वह एक अखबार के विज्ञापन के जरिये करण नाम के शख्स के संपर्क में आये। करण ने उन्हें मिलने के लिये दिल्ली बुलाया। 27 अगस्त को इसी साल वह करण से मिलने दिल्ली पहुंचे थे। करण ने छह लाख रुपये एडवांस के तौर पर डिमांड की थी। डॉक्टर ने उसे साढ़े तीन लाख रुपये दे दिये थे।

सितंबर में उसे एक लाख रुपये और फोन बैंकिंग के द्वारा दिये गये। करण ने डॉक्टर को आश्वासन दिया कि उनकी सर्जरी दिल्ली के एक नामी अस्पताल में 17 सितंबर को फिक्स हो गई है। सर्जरी से एक दिन पहले करण ने राजीव को अस्पताल के बाहर बुलाया और पांच लाख रुपये की डिमांड की। यह रकम डॉक्टर को प्रोसीजर शुरू करने के लिये देने की बात कही गई थी। राजीव ने पांच लाख रुपये भी दे दिये। डॉक्टर और उनकी पत्नी को करण ने अस्पताल में एडमिशन की बात कहकर अंदर भेज दिया। वह साथ नहीं गया था। अंदर जाने पर दंपति को पता चला कि उनके नाम पर कोई बुकिंग नहीं की गई है। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। आरोपी का फोन भी लगातार बंद आने लगा।




### एक को कानपुर और दूसरे को प्रतापगढ़ से दबोचा

शिकायत क्राइम ब्रांच को दी गई थी। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि करण का असली नाम विपिन है। वह अलीगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को कानपुर से दबोचा। इसकी निशानदेही पर प्रतापगढ़ से दूसरे आरोपी को दबोचा गया। आरोपियों ने फेसबुक पर फर्जी आईडी भी बनाई थी। उस पर किडनी उपलब्ध करवाने संबंधी पोस्ट विजय पांडे के नाम से डालते थे।

## कुटेशन नोटिस

हरियाणा राज्य परिवहन, चरखी दादरी में वाहनों की मुरम्मत के लिए हार्डवेयर/पैटी/मिसलेनियस आईटम की अगले एक वर्ष के लिए खरीद की जानी है। इच्छुक सप्लायर दिनांक 26.11.2021 तक अपनी सील बन्द कुटेशन कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन, चरखी दादरी के नाम भेज सकते हैं। जिसके ऊपर स्टोर आईटम कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। स्टोर आईटम की लिस्ट व अन्य शर्तों के लिये महाप्रबंधक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। कुटेशन से संबंधित सभी दस्तावेज किसी भी कार्य दिवस को दिनांक 15.11.2021 से पहले आकर 100 रु. जमा करवाने उपरान्त महाप्रबंधक कार्यालय हरियाणा राज्य परिवहन चरखी दादरी से प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता/-
हरियाणा राज्य परिवहन
च. दादरी।

पीआरडीएच-1119/11/95/2022/5385/88/7 दि. 27.10.21

## सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड

CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in

30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार
[ सेबी ( एलओडीआर ) नियमनों, 2015 के नियमन 47( 1 )( बी ) देखें ]

(राशि रु. में)

| क्र. सं. | विवरण | अअंकेक्षित | | |
|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2021 | वर्ष से तिथि हेतु वर्तमान वर्ष 30 सितम्बर 2021 को समाप्त | 30 सितम्बर 2020 को समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष की अनुकूल तिमाही |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 3,927,263 | 7,066,494 | (33,217) |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 3,637,605 | 6,478,690 | (347,555) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 2,439,205 | 5,280,290 | (347,555) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 2,439,205 | 5,280,290 | (347,555) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 2,439,205 | 5,280,290 | (347,555) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 21,175,000 | 21,175,000 | 21,175,000 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | 1.15 | 2.49 | (0.16) |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
डीआईएन : 07526355

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 27 अक्तूबर 2021